# 76. छत्तीसगढ़ में पटवारी प्रशिक्षण हेतु चयन परीक्षा

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा आयुक्त भू–अभिलेख छत्तीसगढ़ के भर्ती नियम के अनुसार छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा पटवारी प्रशिक्षण हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

**आवश्यक अर्हता :–**

1. पटवारी का पद जिला स्तर का है। आवेदक के पास सक्षम अधिकारी द्वारा जारी छत्तीसगढ़ के किसी भी जिले का स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।
2. आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से हायर सेकेण्डरी परीक्षा (12वीं) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3. आवेदक किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय/भारत सरकार/राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्ष का कम्प्यूटर एप्लीकेशन अर्हता उत्तीर्ण हो।
4. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से प्रोगामिंग में न्यूनतम 01 वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एण्ट्री की 5000 की डिप्रे" ान प्रति घंटे की गति।

   **टीपः– 1. कम्प्यूटर एप्लीकेशन अर्हता हेतु छत्तीसगढ़ भाासन सामान्य प्र"ाासन विभाग द्वारा मान्य किये गये निम्नांकित संस्थाओं के प्रमाण पत्रों को ही मान्य किया जाता हैः–**

A. मान्यता प्राप्त आई.टी.आई से एकवर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्राम असस्टिेन्ट (COPA) में डिप्लोमा/सर्टिफिकेट।

B. मान्यता प्राप्त बोर्ड आफ टेक्नीकल एजुकेशन/राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर साईंस/ इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी/मार्डन आफिस मैनेजमेन्ट का डिप्लोमा(दो वर्ष से अन्यून)

C. वैधानिक रूप से गठित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डीम्ड यूनिवर्सिटी/मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त कम्प्यूटर साईंस/इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में PGDCA अथवा स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि

D. **DOEACE SOCIETY NEW DELHI** द्वारा प्रदत्त विभिन्न डिप्लोमा

**टीप :–2. अधिसूचित क्षेत्र के आवेदकों के लिए कम्प्यूटर अर्हता संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं होता है। अधिसूचित जिलों के जो आवेदक पटवारी पद पर चयनित हांगे उन्हे अपने चयन से एक वर्ष के अन्दर उपरोक्त प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता है।**

5. आयु सीमा – 18 वर्ष से 40 वर्ष तक (विज्ञापन जारी होने वाले वर्ष के 01 जनवरी को)।

अधिकतम आयु सीमा में अजा/अजजा/अपिव के आवेदकों को 5 वर्ष तथा महिला एवं दिव्यगजनों को 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाती है। विभिन्न प्रकार के छूट के बावजूद आवेदक की अधिकतम आयु 45 वर्ष तक ही मान्य हाती है।

**आवेदन प्रक्रिया** :— अभ्यर्थी को आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in में ही करना होता है। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को व्यापम के वेबसाईट में अपना प्रोफाईल रजिस्ट्रे" ान करना होता है।

**परीक्षा योजना** :— पटवारी प्रशिक्षण हेतु चयन का आधार लिखित परीक्षा होता है। यह लिखित परीक्षा अधिकतम 150 अंक का होता है। इसमें 1—1 अंक के 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पुछे जाते हैं। प्रत्येक प्रश्न के 4 संभावित उत्तर होते हैं। सही उत्तर अंकित करने पर 1 अंक एवं गलत उत्तर अंकित करने पर 1/4 अंक काटे जाते हैं। परीक्षा की अवधि 3 घण्टा होती है। लिखित परीक्षा के उपरान्त साक्षात्कार नहीं लिया जाता है।

लिखित परीक्षा की संरचना निम्नानुसार होती है —

| **क्र.** | **विषय का नाम** | **प्रश्नों की संख्या** | **अधिकतम अंक** | **कुल समय** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान | 15 | 15 | 3.00 घंटा |
| 2. | अंग्रेजी भाषा का ज्ञान | 10 | 10 | |
| 3. | गणित | 30 | 30 | |
| 4. | सामान्य ज्ञान | 35 | 35 | |
| 5. | कम्प्यूटर ज्ञान | 20 | 20 | |
| 6. | हिन्दी | 10 | 10 | |
| 7. | सामान्य मानसिक योग्यता | 15 | 15 | |
| 8. | सम सामयिक घटनाक्रम, खेल—कुद | 15 | 15 | |
| | **योग** | **150** | **150** | |

**चयन प्रकिया** — छत्तीसगढ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर जिलेवार अलग—अलग मेरिट सुची तैयार की जाती है।

**परीक्षा उपरान्त प्रशिक्षण** :— जो आवेदक लिखित परीक्षा के माध्यम से पटवारी प्रशिक्षण हेतु चयनित होते है उन्हे एक वर्ष का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण अवधि में इन्हें किसी भी प्रकार का मानदेय या वेतन देय नहीं होता है। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण संपन्न करने वाले आवेदकों को जिला कलेक्टर द्वारा विभिन्न हल्कों में पटवारी के रूप में पदस्थापना प्रदान की जाती है।

**संपर्क** :— विगत वर्षों के प्रश्न पत्रों एव अन्य जानकारी के लिए आवेदक अपने जिले के अधीक्षक भू अभिलेख (कलेक्टर कार्यालय) या जिला रोजगार अधिकारी से संपर्क कर सकते है तथा व्यापम के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# 77. छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक भर्ती परीक्षा

छत्तीसगढ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा आयुक्त भू–अभिलेख छत्तीसगढ़ के भर्ती नियमों के अनुसार छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा राजस्व निरीक्षक हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

**आवश्यक अर्हता** :–

1. आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक **या** 12वी कक्षा उत्तीर्ण होने के साथ–साथ मान्यता प्राप्त तकनीकी विश्वविद्यालय से सिविल इजिनीयरिंग में डिप्लोमा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

2. आयु सीमा – 21 वर्ष से 40 वर्ष तक (विज्ञापन जारी होने वाले वर्ष के 01 जनवरी को)। अधिकतम आयु सीमा में अजा/अजजा/अपिव के आवेदकों को 5 वर्ष तथा महिला एवं दिव्यागजनों (केवल एक बाजु से बाधित या श्रवण बाधित ही पात्र) को 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाती है। विभिन्न प्रकार के छूट के बावजूद आवेदक की अधिकतम आयु 45 वर्ष तक ही मान्य होती है।

**आवेदन प्रक्रिया** :– अभ्यर्थी को आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in में ही ऑनलाईन करना होता है। पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से भेजे गये आवेदन पत्र मान्य नही होते है। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को व्यापम के वेबसाईट में अपना प्रोफाईल रजिस्ट्रे" ान करना होता है।

**परीक्षा योजना** :– राजस्व निरीक्षक हेतु चयन का आधार लिखित परीक्षा होता है। यह लिखित परीक्षा अधिकतम 150 अंक का होता है। इसमें 1–1 अंक के 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पुछे जाते हैं। प्रत्येक प्रश्न के 4 संभावित उत्तर होते हैं। सही उत्तर अंकित करने पर 1 अंक एवं गलत उत्तर अंकित करने पर 1/4 अंक काटे जाते हैं। परीक्षा की अवधि 3 घण्टा होती है। लिखित परीक्षा के उपरान्त साक्षात्कार नहीं लिया जाता है।

इस लिखित परीक्षा की संरचना निम्नानुसार है –

| **क्र.** | **विषय का नाम** | **प्रश्नों की संख्या** | **अधिकतम अंक** | **कुल समय** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान | 15 | 15 | 3.00 घंटा |
| 2. | अंग्रेजी भाषा का ज्ञान | 10 | 10 | |
| 3. | गणित | 30 | 30 | |
| 4. | सामान्य ज्ञान | 35 | 35 | |
| 5. | कम्प्यूटर ज्ञान | 20 | 20 | |
| 6. | हिन्दी | 10 | 10 | |
| 7. | सामान्य मानसिक योग्यता | 15 | 15 | |
| 8. | सम सामयिक घटनाक्रम, खेल–कुद | 15 | 15 | |
| | **योग** | **150** | **150** | |

**टीप :– लिखित परीक्षा में प्रत्येक गलत उत्तर के लिये 25 प्रतिशत नकारात्मक अंक दिया जाता है।**

**चयन प्रकिया** – छत्तीसगढ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सुची तैयार की जाती है।

**संपर्क** :– विगत वर्षों के प्रश्न पत्रों एवं अन्य जानकारी के लिए आवेदक अपने जिले के अधीक्षक भू अभिलेख (कलेक्टर कार्यालय) या जिला रोजगार अधिकारी से संपर्क कर सकते है तथा व्यापम के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**जीवन में कठिनाइयाँ हमें बर्बाद करने नहीं आती है, बल्कि यह हमारी छुपी हुई सामर्थ्य और शक्तियों को बाहर निकलने में हमारी मदद करती है। कठिनाइयों को यह जान लेने दो की आप उससे भी ज्यादा शक्तिशाली हो।**

**– ए. पी. जे. अब्दूल कलाम**

# 78. छत्तीसगढ़ खाद्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा

छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपुर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग छत्तीसगढ़ के भर्ती नियमों के अनुसार छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा खाद्य निरीक्षक हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

**आवश्यक अर्हता :–**

1. आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. आयु सीमा – 21 वर्ष से 40 वर्ष तक (विज्ञापन जारी होने वाले वर्ष के 01 जनवरी को)। अधिकतम आयु सीमा में अजा/अजजा/अपिव के आवेदकों को 5 वर्ष तथा महिला एवं दिव्यागजनों को 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाती है। विभिन्न प्रकार के छूट के बावजूद आवेदक की अधिकतम आयु 45 वर्ष तक ही मान्य होती है।

**आवेदन प्रक्रिया :–** अभ्यर्थी को आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in में ही ऑनलाईन करना होता है। पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से भेजे गये आवेदन पत्र मान्य नही होते है। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को व्यापम के वेबसाईट में अपना प्रोफाईल रजिस्ट्रे" ान करना होता है।

**परीक्षा योजना :– खाद्य** निरीक्षक हेतु चयन का आधार लिखित परीक्षा होता है। यह लिखित परीक्षा अधिकतम 200 अंक का होता है। इसमें 1–1 अंक के 200 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पुछे जाते हैं। प्रत्येक प्रश्न के 4 संभावित उत्तर होते हैं। सही उत्तर अंकित करने पर 1 अंक एवं गलत उत्तर अंकित करने पर 1/4 अंक काटे जाते हैं। परीक्षा की अवधि 3 घण्टा होती है। लिखित परीक्षा के उपरान्त साक्षात्कार नहीं लिया जाता है।

**पाठ्यकम भाग – 1 –सामान्य ज्ञान (150 प्रश्न, 150 अंक)**

**(अ) गणित, विज्ञान, भूगोल, भारतीय इतिहास, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारतीय संविधान एवं छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित जानकारी**

**(ब) समसामायिक घटनाएं –**

**भाग –2 – (50 प्रश्न, 50 अंक)**

**आवश्यक वस्तु अधिनियम, उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित जानकारी, कम्प्यूटर ज्ञान, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, छत्तोसगढ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम।**

**चयन प्रकिया** – छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सुची तैयार की जाती है।

**संपर्क :–** विगत वर्षों के प्रश्न पत्रों एवं अन्य जानकारी के लिए आवेदक अपने जिले के खाद्य अधिकारी (कलेक्टर कार्यालय) या जिला रोजगार अधिकारी से संपर्क कर सकते है तथा व्यापम के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

> जीवन की त्रासदी यह नही है कि आप अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाये। त्रासदी तो यह है कि आपके पास पहुंचने को कोई लक्ष्य ही नहीं था ।
>
> – बेजामिन मेस

# 79. छत्तीसगढ सहायक श्रम पदाधिकारी एवं श्रम निरीक्षक संयुक्त भर्ती परीक्षा

छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के भर्ती नियमों के अनुसार छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा सहायक श्रम पदाधिकारी एवं श्रम निरीक्षक पद हेतु संयुक्त चयन परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

**आवश्यक अर्हता :–**

1. आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. आवेदक को छ.ग. का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
3. आवेदक का छ.ग. राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

2. आयु सीमा – 21 वर्ष से 40 वर्ष तक (विज्ञापन जारी होने वाले वर्ष के 01 जनवरी को)। अधिकतम आयु सीमा में अजा/अजजा/अपिव के आवेदकों को 5 वर्ष तथा महिला एवं दिव्यागजनों को 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाती है। विभिन्न प्रकार के छूट के बावजूद आवेदक की अधिकतम आयु 45 वर्ष तक ही मान्य होती है।

**आवेदन प्रक्रिया :–** अभ्यर्थी को आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in में ही ऑनलाईन करना होता है। पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से भेजे गये आवेदन पत्र मान्य नही होते है। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को व्यापम के वेबसाईट में अपना प्रोफाईल रजिस्ट्रे" ान करना होता है।

**परीक्षा योजना :–** सहायक श्रम पदाधिकारी एवं श्रम निरीक्षक हेतु चयन का आधार लिखित परीक्षा होता है। यह लिखित परीक्षा अधिकतम 150 अंक का होता है। इसमें 1–1 अंक के 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पुछे जाते हैं। प्रत्येक प्रश्न के 4 संभावित उत्तर होते हैं। सही उत्तर अंकित करने पर 1 अंक एवं गलत उत्तर अंकित करने पर 1/4 अंक काटे जाते हैं। परीक्षा अवधि 3 घण्टे की होती है। लिखित परीक्षा के उपरान्त साक्षात्कार नहीं लिया जाता है।

इस लिखित परीक्षा की संरचना निम्नानुसार है –

| क्र. | भाग | विषय का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | कुल समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भाग–एक | छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन | 65 | 65 | **3.00 घंटा** |
| 2. | भाग–दो | कम्प्यूटर की सामान्य जानकारी | 20 | 20 | |
| 3. | भाग–तीन | योग्यता परीक्षण | 50 | 50 | |
| 4 | भाग– चार | श्रम विभाग संबंधी जानकारी | 15 | 15 | |
| **योगः–** | | | **150** | **150** | |

**टीप :– लिखित परीक्षा में प्रत्येक गलत उत्तर के लिये 25 प्रतिशत नकारात्मक अंक दिया जाता है।**

**चयन प्रक्रिया** – छत्तीसगढ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सुची तैयार की जाती है।

**पाठ्यक्रम :–**

**भाग–1 छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान** – इसके अंतर्गत छत्तीसगढ राज्य से संबंधित भौगोलिक स्थिति, मानव संसाधन, प्राकृति संसाधन, ऊर्जा संसाधन, उद्योग, शिक्षा, यातायात एवं संचार, पर्यावरण संरक्षण, प्रशासनिक ढ़ांचा, खेलकूद, इतिहास एवं संस्कृति, राज्य की जनजातियॉ, त्रिस्तरीय पंचायती राजव्यवस्था, स्वास्थ्य एवं समसामयिक घटनाय आदि से संबंधित प्रश्न होते हैं।

**सामान्य अध्ययन** – इसके अंतर्गत भारत के इतिहास, स्वतंत्रता आंदोलन, भारत का भूगोल, संविधान, लोक प्रशासन एवं विधि, भारत के अर्थव्यवस्था, पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधन, समसामयिक घटनायें, भारतीय दर्शन, कला, साहित्य एवं संस्कृति एवं खेलकूद तथा सामान्य विज्ञान एवं कम्प्यूटर संबंधी प्रश्न पूछे जाते हैं।

**भाग–दो** :– इसमें कम्प्यूटर की सामान्य जानकारी से संबंधित प्र" न होते है।

**भाग–तीन (योग्यता परीक्षण):–**

इस प्रश्न पत्र में निम्न 8 इकाईयों से प्रश्न होते हैं –

1. संचार कौशल सहित पारस्परिक कौशल, 2. तार्किक तर्क और विश्लेषणात्मक क्षमता,

3, निर्णय निर्माण और समस्या निवारण 4. सामान्य मानसिक योग्यता, 5. सामान्य गणित (कक्षा दसवीं स्तर),

6. हिन्दी भाषा ज्ञान (कक्षा दसवीं स्तर), 7. छत्तीसगढ़ी भाषा का ज्ञान 8. अंग्रेजी भाषा का ज्ञान (कक्षा दसवीं स्तर)

**भाग–चार** :– श्रम विभाग संबंधी जानकारी

इस प्रश्न पत्र में निम्न 5 इकाईयों से प्रश्न होते हैं –

1. श्रम विधियों का इतिहास
2. भारतीय संविधान में श्रम संबंधी प्रावधान
3. महिला, बच्चों एवं बंधक श्रमिक हेतु श्रमिक कानून
4. श्रमिकों के मजदूरी संबंधी कानून
   (वि" ोशतः– वेतन भुगतान अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम)
5. छत्तीसगढ़ राज्य में श्रमिक हित में संचालित योजनाएं

**विस्तृत जानकारी** :– विगत वर्षों के प्रश्न पत्रों एवं अन्य जानकारी के लिए व्यापम के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# 80. छत्तीसगढ़ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा

छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग के भर्ती नियमों के अनुसार छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पद हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

**आवश्यक अर्हता** :–

1. आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त वि" वविद्यालय से बी.एस.सी. (कृषि)/बी.एस.सी. (उद्यानिकी)/ बी.टेक. (कृषि अभियांत्रिकी/जैव प्रौद्योगिकी) में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. आवेदक को छ.ग. का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।

**2. आयु सीमा** – 21 वर्ष से 40 वर्ष तक (विज्ञापन जारी होने वाले वर्ष के 01 जनवरो को)। अधिकतम आयु सीमा में अजा/अजजा/अपिव के आवेदकों को 5 वर्ष तथा महिला एवं दिव्यागजनों को 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाती है। विभिन्न प्रकार के छूट के बावजूद आवेदक की अधिकतम आयु 45 वर्ष तक ही मान्य होती है।

**आवेदन प्रक्रिया** :– अभ्यर्थी को आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in में ही ऑनलाईन करना होता है। पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से भेजे गये आवेदन पत्र मान्य नही होते है। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को व्यापम के वेबसाईट में अपना पोफाईल रजिस्ट्रे" ान करना होता है।

**परीक्षा योजना** :– ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हेतु चयन का आधार लिखित परीक्षा होता है। यह लिखित परीक्षा अधिकतम 100 अंक का होता है। इसमें 1–1 अंक के 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पुछे जाते हैं। प्रत्येक प्रश्न के 4 संभावित उत्तर होते हैं। सही उत्तर अंकित करने पर 1 अंक एवं गलत उत्तर अंकित करने पर 1/4 अंक काटे जाते हैं। परीक्षा अवधि 2 घण्टे की होती है। लिखित परीक्षा के उपरान्त साक्षात्कार नहीं लिया जाता है।

**चयन प्रकिया** – छत्तोसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सुची तैयार की जाती है।

**पाठ्यक्रम** :–

इसमें कृषि से संबंधित History of Agriculture, Agronomy, Water Management, Agricultural Meteorology & Crop Physiology, Entomology and Pathology and Soil Science से संबंधित स्नातक स्तर के प्रश्न होते है।

**विस्तृत जानकारी** :– विगत वर्षों के प्रश्न पत्रों एवं अन्य जानकारी के लिए व्यापम के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# 81. छत्तीसगढ़ स्थानीय निधि संपरीक्षक भर्ती परीक्षा

छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के अंतर्गत संचालनालय स्थानीय निधि संपरीक्षा के भर्ती नियमों के अनुसार छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा ज्येष्ठ संपरीक्षक एवं सहायक संपरीक्षक पद हेतु संयुक्त चयन परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

**आवश्यक अर्हता :–**

**अ. ज्येष्ठ संपरीक्षकः–**

1. आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त वि" वविद्यालय कला/विज्ञान/वाणिज्य में द्वितीय श्रेणी से स्नातक **अथवा** उपरोक्त विषय में द्वितीय श्रेणी अधिस्नातक **या** विधि स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**ब. सहायक संपरीक्षकः–**

1. आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय कला/विज्ञान/वाणिज्य में द्वितीय श्रेणी से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

**तथा उपरोक्त दोनों पदों हेतुः–**

2. आवेदक को छ.ग. का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
3. ज्येष्ठ संपरीक्षक को परिवीक्षा अवधि में विभागीय अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।
4. **आयु सीमा** – 21 वर्ष से 40 वर्ष तक (विज्ञापन जारी होने वाले वर्ष के 01 जनवरी को)। अधिकतम आयु सीमा में अजा/अजजा/अपिव के आवेदकों को 5 वर्ष तथा महिला एवं दिव्यागजनों को 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाती है। विभिन्न प्रकार के छूट के बावजूद आवेदक की अधिकतम आयु 45 वर्ष तक ही मान्य होती है।

**आवेदन प्रक्रिया** :– अभ्यर्थी को आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in में ही ऑनलाईन करना होता है। पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से भेजे गये आवेदन पत्र मान्य नही होते है। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को व्यापम के वेबसाईट में अपना प्रोफाईल रजिस्ट्रे" ान करना होता है।

**परीक्षा योजना** :– ज्येष्ठ संपरीक्षक एवं सहायक संपरीक्षक पद हेतु चयन का आधार लिखित परीक्षा होता है। यह लिखित परीक्षा अधिकतम 200 अंक का होता है। इसमें 1–1 अंक के 200 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पुछे जाते हैं। प्रत्येक प्रश्न के 4 संभावित उत्तर होते हैं। सही उत्तर अंकित करने पर 1 अंक एवं गलत उत्तर अंकित करने पर 1/4 अंक काटे जाते हैं। परीक्षा अवधि 3 घण्टे की होती है। लिखित परीक्षा के उपरान्त साक्षात्कार नहीं लिया जाता है।

इस लिखित परीक्षा की संरचना निम्नानुसार है –

| क्र. | भाग | विषय का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | कुल समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भाग–एक | सामान्य अध्ययन एवं गणित | 100 | 100 | **3.00 घंटा** |
| 2. | भाग–दो | हिन्दी | 100 | 100 | |
| **योगः–** | | | **200** | **200** | |

**चयन प्रक्रिया** – छत्तीसगढ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सुची तैयार की जाती है।

**पाठ्यक्रम** :– इसमें सामान्य ज्ञान, बुद्धि क्षमता, वि" लेषण क्षमता, अंक गणित एवं हिन्दी विषय के प्रश्न पूछे जाते है।

**विस्तृत जानकारी** :– विगत वर्षो के प्रश्न पत्रों एवं अन्य जानकारी के लिए व्यापम के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# 82 (A). छत्तीसगढ़ राज्य में शीघ्रलेखक, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, स्टेनो टायपिस्ट एवं सहायक ग्रेड–3 परीक्षा हेतु आवश्यक अर्हता

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर के ज्ञापन क्रमांक एफ 9–1/2008/1–3 रायपुर, दिनांक 01/02/13 तथा दिनांक 03/02/2022 द्वारा राज्य के विभिन्न शासकीय विभागों/कार्यालयों में शीघ्रलेखक/डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/स्टेनो टायपिस्ट/सहायक ग्रेड–3 पद हेतु शैक्षणिक अर्हता निर्धारित किया गया है, जो कि विभिन्न पदों के लिये निम्नानुसार है –

**शीघ्रलेखक पद हेतु आवश्यक अर्हता–**

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

**अथवा**

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

2. मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था/शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से –

**(क) शीघ्रलेखक (हिन्दी) के लिये** – हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रतिमिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)

**(ख) शीघ्रलेखक (अंग्रेजी) के लिये** – अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रतिमिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)

**(ग) द्विभाषी–शीघ्रलेखक के लिये** – ऊपर खण्ड (क) तथा (ख) में विनिर्दिष्ट हिन्दी तथा अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रतिमिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)

2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एण्ट्री की गति 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)।

**डाटा एण्ट्री ऑपरेटर पद हेतु आवश्यक अर्हता –**

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

**अथवा**

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। **अथवा**

कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।

2. डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एण्ट्री की गति 8,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)।

3. मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ भीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिशद से (कम्प्यूटर एवं सॉफ्टवयर के माध्यम से) हिन्दी एवं अंग्रेजी मुद्रलेखन की गति 8,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) का प्रमाण पत्र।

**स्टेनो टायपिंग पद हेतु आवश्यक अर्हता –**

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

**अथवा**

पुरानी हायर सकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

2. हिन्दी शीघ्रलेखन में 60 शब्द प्रतिमिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)।

3. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एण्ट्री की गति 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)।

4. मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था अथवा छत्तीसगढ भीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिशद से (कम्प्यूटर एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन की गति 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) का प्रमाण पत्र।

**सहायक ग्रेड–3 पद हेतु आवश्यक अर्हता –**

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

**अथवा**

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र

3 कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)।

4 मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ भीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिशद से (कम्प्यूटर एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन की गति 5,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) का प्रमाण पत्र।

**छ0ग0 शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर संस्था संबंधी जानकारी –**

छ0ग0 शासन सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ 9–4/2005/1/3 रायपुर, दिनांक 07.06.2007 द्वारा राज्य में शासकीय सेवाओं में नियुक्ति हेतु राज्य शासन ने निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा जारी कम्प्यूटर विषय में परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र मान्य किया गया है –

1. मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन/राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर साइंस/इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी/मॉडर्न आफिस मैनेजमेंट का डिप्लोमा (2 वर्ष से अन्यून)।

2. वैधानिक रूप से गठित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डीम्ड युनिवर्सिटी/मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त कम्प्यूटर साइंस/इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पी.जी. डिप्लोमा, स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि।

3. DOEACC Society New Delhi द्वारा प्रदत्त विभिन्न डिप्लोमा,

4. मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. द्वारा कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्राम असिस्टेंट व्यवसाय में प्रदत्त एक वर्षीय सर्टिफिकेट।

**संपर्क** :— आवेदक इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये जिला रोजगार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

# 82. (B) छत्तीसगढ़ मे शीघ्रलेखक हिन्दी/अंग्रेजी, स्टेनो टाइपिस्ट, डाटा एंट्री आपरेटर एवं साहायक ग्रेड–3 संयक्त भर्ती परीक्षा

छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों में भीघ्रलेखक संयुक्त हिन्दी/अंग्रेजी, स्टेनो टाइपिस्ट, डाटा एंट्री आपरेटर एवं साहायक ग्रेड–3 पदो पर भर्ती हेत छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा संयुक्त भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

**आवश्यक अर्हता :–**

1. इन पदो के लिये योग्यता चैप्टर 82 (A) में दी गई जानकारी के आधार पर होता है।

2. आयु सीमा – 21 वर्ष से 40 वर्ष तक (विज्ञापन जारी होने वाले वर्ष के 01 जनवरी को)। अधिकतम आयु सीमा में अजा/अजजा/अपिव के आवेदकों को 5 वर्ष तथा महिला एवं दिव्यागजनों को 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाती है। विभिन्न प्रकार के छूट के बावजूद आवेदक की अधिकतम आयु 45 वर्ष तक ही मान्य होती है।

**आवेदन प्रक्रिया** :– अभ्यर्थी को आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in में ही ऑनलाईन करना होता है। पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट से भेजे गये आवेदन पत्र मान्य नही होते है। आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को व्यापम के वेबसाईट में अपना प्रोफाईल रजिस्ट्रे” ान करना होता है।

**परीक्षा योजना :– यह संयुक्त परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाती है।**

**चरण 1 – संयुक्त लिखित परीक्षा, चरण 2– कौशल परीक्षा,**

चरण 1 – संयुक्त लिखित परीक्षा

यह लिखित परीक्षा अधिकतम 200 अंक का होता है। इसमें 1–1 अंक के 200 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पुछे जाते हैं। प्रत्येक प्रश्न के 4 संभावित उत्तर होते हैं। सही उत्तर अंकित करने पर 1 अंक एवं गलत उत्तर अंकित करने पर 1/4 अंक काटे जाते हैं। परीक्षा की अवधि 3 घण्टा होती है।

इस लिखित परीक्षा की संरचना निम्नानुसार है –

| **क्र.** | **विषय का नाम** | **प्रश्नों की संख्या** | **अधिकतम अंक** | **कुल समय** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी भाषा का ज्ञान | 20 | 20 | 3.00 घंटा |
| 2. | गणित | 30 | 30 | |
| 3. | सामान्य अध्ययन | 50 | 50 | |
| 4. | कम्प्यूटर ज्ञान | 30 | 30 | |
| 5. | हिन्दी | 40 | 40 | |
| 6. | समान्य मानसिक योग्यता | 30 | 30 | |
| | **योग** | **200** | **200** | |

**टीप :– लिखित परीक्षा में प्रत्येक गलत उत्तर के लिये 25 प्रतिशत नकारात्मक अंक दिया जाता है।**

**चरण 2 – कौशल परीक्षा**

**(क) कौशल परीक्षा –**

1. लिखित परीक्षा में प्राप्तांको के आधार पर मेरिट सूची से कौशल परीक्षा हेतु कुल रिक्तियों के विरूद्ध 1:10 (एक अनुपात दस में) शीघ्रलेखक अंग्रेजी, हिन्दी एवं स्टेनोटाइपिस्ट पदों हेतु अभ्यर्थियों को कोशल परीक्षा हेतु बुलाया जाता है।
2. लिखित परीक्षा में प्राप्तांको के आधार पर मेरिट सूची से कौशल परीक्षा हेतु 1:5 (एक अनुपात पाँच में) डेटा एट्री आपरेटर एवं सहायक ग्रेड – 3 पदों हेतु अभ्यर्थिया को कौशल परीक्षा हेतु बुलाया जाता है।
3. शीघ्रलेखक (अंग्रेजी) पद के लिये आयोजित प्रायोगिक परीक्षा हेतु अंग्रेजी शीघ्रलेखक में 100 शब्द प्रतिमिनट की गति से डिटेक्शन दिया जाता है एवं शीघ्रलेखक (हिन्दी) पद के लिये आयोजित प्रायोगिक परीक्षा हेतु हिन्दी शीघ्रलेखक में 100 शब्द प्रति मिनट की गति से डिटेक्शन दिया जाता है। जिसे अनुवाद कर समय–सीमा में शुद्धता से टाईप करा होता है तथा कम्यूटर में 10,000 की 'डिप्रेशन की गति' होना अनिवार्य होता है।
4. स्टेनो टायपिस्ट पद के लिये आयोजित प्रायोगिक परीक्षा हेतु हिन्दी शीघ्रलेखक में 60 शब्द प्रतिमिनट की गति से डिटेक्शन दिया जाता है, जिसे अनुवाद कर समय–सीमा में शुद्धता से टाईप करना होता है तथा कम्यूटर में 5000 की 'डिप्रेशन की गति' होना अनिवार्य होता है।
5. डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के पद हेतु 8000 की–डिप्रेशन की गति हिन्दी–अंग्रेजी दोनों के लिये काशल परीक्षा ली जाती है जिसमें उत्तीर्ण होना आवश्यक होता है। सहायक ग्रेड–3 के पद हेतु में कम्प्यूटर टायपिंग 5000 की–डिप्रेशन की गति हिन्दी के लिये काशल परीक्षा ली जाती है, जिसमें उत्तीर्ण होना आवश्यक होता है।
6. **(ब) काशल परीक्षा –**

1. लिखित परीक्षा में प्राप्तांको के आधार पर मेरिट सूची से कौशल परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची व्यापम की वेबसाइट Cgvyapam.choice.gov.in पर जारी की जातो है।

2. अंतिम मेरिट सूची लिखित परीक्षा के प्राप्तांको के आधार पर तैयार की जाती है। इस सूची में कौशल परीक्षा Qualified में घोषित किये गए अभ्यर्थी ही होते है।

3. शीघ्रलेखक (अंग्रेजी), (हिन्दी), स्टेनो टायपिस्ट ऑपरेटर तथा सहायक ग्रेड–3 पद हेतु श्रेणीवार एवं र्वगवार पृथक–पृथक मेरिट सूची व्यापम द्वारा विभागों को सौपी जाती है।

4. कौशल परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची व्यापम की वेबसाइट पर ही जानकारी प्राप्त होती है। डाक के माध्यम से किसी भी अभ्यर्थी को सूचना नहीं दी जाती है।

5. व्यापम द्वारा जारी मेरिट सूची के आधार पर आवश्यक दस्तावेजों के पश्चात् चयन/नियुक्ति की कार्यवाही विभाग द्वारा की जाती है।

**ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा दिये गये विभागों के प्राथमिकता क्रम एवं पद के चयन के आधार पर ही लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा उपरांत दस्तावेज सही पाये जाने पर विभाग आबंटित किये जात है। अतः विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में आरक्षणवार पदों की स्थिति का अवलोकन करके ही ऑनलाइन आवदेन भरें। बाद में कोई सुधार नहीं किया जाता है।**

**चयन प्रक्रिया** – छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सुची तैयार की जाती है।

**संपर्क** :– विगत वर्षों के पश्न पत्रों एवं अन्य जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार अधिकारी से संपर्क कर सकते है तथा व्यापम के वेबसाईट cgvyapam.choice.gov.in से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### सफलता का द्वार............ आत्मवि"वास

एक बार एक बिज़नेसमैन, जो कल तक एक सफल उद्योगपति था, अचानक किसी परेशानी से उसका बिज़नेस डूब गया और उस पर बैंक कर कर्जा भी हो गया और अब उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। बैंक और सारे लेनदार उसे लगतार पैसे की भरपाई के लिए बोल रहे थें। अब तो उसे अपनी जिंदगी अंधेरे में नजर आ रही थी। एक बार सुबह पार्क में घूमते हुए उसे एक बूढ़ा व्यक्ति दिखाई दिया। वो बूढ़ा उसके पास आया और उसे परेशानी का कारण पूछा।

बिजनेसमैन ने सारी परेशानी वृद्ध को बताई, बूढ़े व्यक्ति ने अपनी जेब से अपनी चेक बुक निकाली और एक चेक साइन करके उसको दिया और कहा कि इससे तुम अपना बिजनेस फिर से भाुरू कर सकते हो और एक साल बाद मुझे ठीक इसी जगह इसी समय मिलना और मुझे मेरे पैसे वापस कर देना। यह कहते हुए बूढ़ा वहाँ से दूर चला गया। बिजनेसमेन ने जब अपने हाथ मे रखे चेक पर नजर डाली, तो वह हैरान रह गया, क्योंकि वो बूढ़ा कोई मामूली व्यक्ति नहीं था। उस चेक पर बफेट (एक म" ाहूर अमेरिकन उद्योगपति) के साइन थे और चेक की रकम थी +5000000। उसको खुद पर यकीन नहीं हुआ कि खुद वारेन बफेट ने आकर मेरी परेशानी हल की है। फिर उसने सोचा कि ये रकम बैंक और लेनदारों को देने की बजाए वो पहले अपने बिजनेस को बचाने के लिए संघर्श करेगा और इमरजेंसी में ही उस चेक का प्रयोग करेगा।

अब तो बिना किसी डर के वह फिर से अपना बिजनेस बचाने में जुट गया क्योंकि उसे पता था कि अगर कोई परेशानी होगी तो मैं चेक की मदद से बच सकता हूँ। बस फिर क्या था उसने जी तोड़ मेहनत की और एक बार फिर से अपने बिजनेस को वापस खड़ा कर दिया। आज उस बात को एक साल पूरा हो चुका था और वह चेक भी आज तक ऐसे ही सही सलामत था।

अपना वादा पूरा करने के लिए बिजनेसमेन जब पार्क में गया तो उसे वहाँ बूढ़ा व्यक्ति दिखाई दिया। जैसे ही वह उसके पास आया, अचानक एक नर्स पीछे से आई और वृद्ध को पकड़ के ले गयी और कहा कि वह एक पागल है, जो खुद को हमेशा वारेन बफेट बताता है। यह कहकर नर्स वृद्ध को ले गयी।

जिस प्रकार छाता, बारिश को रोक तो नहीं सकता है, लेकिन हमें बारिश में खड़े होने का साहस प्रदान करता है, उसी प्रकार आत्मविश्वास विपरीत परिस्थितियों को आने से रोक तो नही सकता लेकिन उन कठिन परिस्थितियों में संघर्ष करने का हमें साहस प्रदान करता है।